# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सरगुजा विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर (छ.ग.) 497001

## नियमित गतिविधि कार्यक्रम का विवरण

1. वित्तीय वर्ष :— 2022—2023
2. महाविद्यालय का नाम :— शास. रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महा. सूरजपुर
3. इकाई :— 01
4. कार्यक्रम अधिकारी का नाम :— श्री आनंद कुमार पैंकरा

| क्र. | दिनॉक | सम्पन्न कार्य का विवरण | भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं की संख्या | घंटे | कार्यस्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04.04.22 | राष्ट्रीय सेवा योजना बी.प्रमाण पत्र हेतु परीक्षा का आयोजन | 21 | 02 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 2 | 03.06.22 | अमृत महोत्सव के अवसर पर सायकल रैली का आयोजन | 40 | 02 घंटे | सूरजपुर नगर |
| 3 | 05.06.22 | विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण | 35 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 4 | 21.06.22 | विश्व योग दिवस का आयोजन | 35 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 5 | 13.07.22 | गुरू पूर्णिमा के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन | 55 | 02 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 6 | 16.07.22 | कोविड—19 बूस्टर डोज शिविर | 80 | 04 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 7 | 22.07.22 | कोविड—19 बूस्टर डोज शिविर | 75 | 04 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 8 | 23.07.22 | महाविद्यालय परिसर में गाजर घास उन्मूलन एवं श्रमदान | 63 | 04 घंटे | —"— |
| 9 | 24.07.22 | रासेयो में पंजीकृत नवीन छात्रों का उन्मुखीकरण | 62 | 04 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 10 | 25.07.22 | रासेयो में पंजीकृत नवीन छात्रों का उन्मुखीकरण | 67 | 04 घंटे | —"— |
| 11 | 26.07.22 | रासेयो में पंजीकृत नवीन छात्रों का उन्मुखीकरण | 70 | 04 घंटे | —"— |
| 12 | 27.07.22 | रासेयो में पंजीकृत नवीन छात्रों का उन्मुखीकरण | 78 | 04 घंटे | —"— |
| 13 | 28.07.22 | रासेयो में पंजीकृत नवीन छात्रों का उन्मुखीकरण | 82 | 04 घंटे | —"— |
| 14 | 12.08.22 | हर घर तिरंगा रैली का आयोजन | 80 | 02 घंटे | सूरजपुर नगर |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 15.08.22 | महाविद्यालय में ध्वजारोहण तथा महावि. परिसर में वृक्षारोपण | 62 | 04 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 16 | 20.08.22 | राष्ट्रीय सद्भावना दिवस पर शपथ, व्याख्यान तथा परिचर्चा | 64 | 04 घंटे | ——"—— |
| 17 | 23.08.22 | महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई कार्य | 67 | 04 घंटे | ——"—— |
| 18 | 05.09.22 | डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान | 76 | 04 घंटे | ——"—— |
| 19 | 06.09.22 | ग्राम– तिलसिंवा में सफाई कार्य तथा स्वच्छता रैली का आयोजन | 58 | 04 घंटे | ग्राम–तिलसिंवा |
| 20 | 07.09.22 | मतदाता पुनरीक्षण शिविर का आयोजन | 80 | 03 घंटे | ——"—— |
| 21 | 12.09.22 | महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य | 72 | 04 घंटे | ——"—— |
| 22 | 20.09.22 | ग्राम तिलसिंवॉ में सफाई कार्य तथा स्वच्छता रैली का आयोजन | 72 | 04 घंटे | ग्राम– तिलसिंवॉ |
| 23 | 21.09.22 | प्री.आर.डी रिहर्सल | 40 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 24 | 22.09.22 | प्री.आर.डी रिहर्सल | 40 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 25 | 23.09.22 | प्री.आर.डी रिहर्सल | 40 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 26 | 24.09.22 | रासेयो दिवस पर व्याख्यान तथा परिचर्चा | 90 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 27 | 23.09.22 | प्री.आर.डी हेतु विभिन्न महाविद्यालय के स्वयं सेवकों का चयन | 40 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 28 | 01.10.22 | महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य | 72 | 03 घंटे | ——"—— |
| 29 | 02.10.22 | नशा मुक्ति हेतु शपथ एवं रैली तथा जनजागरण | 62 | 04 घंटे | सूरजपुर नगर |
| 30 | 09.10.22 | राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत रैली एवं सफाई कार्य | 71 | 04 घंटे | सूरजपुर नगर |
| 31 | 18.10.22 | ग्राम महुआपारा सूरजपुर में स्वच्छता रैली एवं सफाई कार्य | 68 | 05 घंटे | ग्राम– महुआपारा सूरजपुर |
| 32 | 31.10.22 | सरदार वल्लभ भाई पटेल पर व्याख्यान, राष्ट्रीय एकता हेतु शपथ तथा रैली | 91 | 04 घंटे | महाविद्यालय खेल परिसर |
| 34 | 17.11.22 | ग्राम– तिलसिंवा में सफाई कार्य तथा स्वच्छता रैली का आयोजन | 66 | 04 घंटे | ग्राम– तिलसिंवा |
| 35 | 19.11.22 | राष्ट्रीय एकता सप्ताह पर व्याख्यान एवं रैली का आयोजन | 62 | 04 घंटे | सूरजपुर नगर |
| 36 | 25.11.22 | नषा मुक्ति रैली का आयोजन | 50 | 03 घंटे | सूरजपुर नगर |
| 37 | 26.11.22 | संविधान दिवस पर संविधान के प्रस्तावना का पाठ तथा व्याख्यान | 54 | 03 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 38 | 01.12.22 | विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान तथा रैली | 71 | 04 घंटे | ——"—— |
| 39 | 10.12.22 | मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान तथा भाषण प्रतियोगिता | 66 | 04 घंटे | ——"—— |
| 40 | 17.12.22 | महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई कार्य नैक मूल्यांकन हेतु | 67 | 04 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 41 | 19.12.22 | गणतंत्र दिवस परेड हेतु रिहर्सल | 40 | 3 घंटे | स्टेडियम ग्राउण्ड सूरजपुर |
| 42 | 20.12.22 | गणतंत्र दिवस परेड हेतु रिहर्सल | 40 | 3 घंटे | स्टेडियम ग्राउण्ड सूरजपुर |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 43 | 21.12.22 | गणतंत्र दिवस परेड हेतु रिहर्सल | 40 | 3 घंटे | स्टेडियम ग्राउण्ड सूरजपुर |
| 44 | 26.01.23 | महाविद्यालय में ध्वजारोहण तथा स्वच्छता कार्य | 68 | 04 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 45 | 13.02.23 | महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई कार्य नैक मूल्यांकन हेतु | 80 | 04 घंटे | महाविद्यालय परिसर |

( श्री आनंद कुमार पैकरा )
कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.)
शासकीय रे.र.मि.स्नातकोत्तर महा0 सूरजपुर
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

(डॉ. एच.एन.दुबे)
प्राचार्य
शासकीय रे.र.मि.स्नातकोत्तर महा0 सूरजपुर
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रतिवेदन

**7 दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर शिविर ग्राम– लांची**

**राष्ट्रीय सेवा योजना, शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर इकाई**

शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर 2022–23 का आयोजन ग्राम पंचायत लांची शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया।

शासकीय रेती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर एच. एन. दुबे एवं जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना श्री चन्द्रभूषण मिश्रा, ग्राम पंचायत लांची के सरपंच श्री किशुन सिंह के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्बोधन की कड़ी में सर्वप्रथम जिला संगठन श्री चन्द्रभूषण मिश्रा जी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की माध्यम से व्यक्तित्व विकास के महत्व को समझाया गया कि हम राष्ट्र सेवा के माध्यम से भी अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे जी के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समर्पित भाव से राष्ट्र सेवा योजना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत के सरपंच श्री किशुन जी के द्वारा स्वयंसेवकों को हर संभव सहयोग करने की बात कही गई। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद कार्यक्रम के द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया

सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस 4.12.2022 का शुभारंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रीति सिंह के योगाभ्यास के साथ हुआ सभी स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों को स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। स्वल्पाहार के पश्चात शिविर स्थल हाई स्कूल के प्रांगण में लगे छोटे–छोटे अवांछित पौधों, झाड़ियों की साफ–सफाई की गई तथा माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला के प्रांगण मैं लगे अवांछित पौधों की भी साफ–सफाई की गई।

बौद्धिक सत्र का शुभारंभ श्री हेमेंद्र सिंह अतिथि व्याख्याता, श्री भानु प्रताप अहीरे अतिथि व्याख्याता, दिव्या सिन्हा अतिथि व्याख्याता, के मुख्य अतिथि में बौद्धिक सत्र का शुभारंभ दोपहर 02:00 बजे मां सरस्वती एवं विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना प्रेरणा गीत गाया गया तथा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात उद्बोधन की कड़ी में श्री हेमेंद्र सेन जी के द्वारा ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को देश के विकास के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। दिव्यादित्य सिन्हा जी के द्वारा ग्रामीणों में जागृति लाने के लिए नुक्कड़–नाटक के माध्यम से संदेश देने के लिए प्रेरित किया गया। श्री भानु प्रताप अहीरे के द्वारा नशा मुक्ति के संबंध एवं मतदाता जागरूकता के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया ताकि नशा से विमुख होकर युवा देश के विकास में अपनी ऊर्जा का उपयोग कर सके। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों का आभार वरिष्ठ स्वयंसेवक शुभम दिवाकर के द्वारा किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ स्वयं सेवकों के योगाभ्यास एवं प्रभात फेरी के साथ हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवक ग्राम लांची परियोजना कार्य के लिए गांव में व्याप्त समस्याओं का सूची तैयार किया और उसे समाधान के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच के पास प्रेषित किया गया। सेवकों के द्वारा स्कूल प्रांगण की साफ–सफाई की गई तथा बच्चों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़–नाटक प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के बच्चों को उसमें शामिल किया गया। बौद्धिक चर्चा के सत्र का शुभारंभ डॉ वीकेस कुमार झा जी के द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात स्वयं सेवकों के द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ स्वागत किया गया और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विकेश कुमार झा जी के द्वारा स्वयंसेवकों को गांव में व्याप्त रूढ़ीवादी परंपराओं शिक्षा के संबंध में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए ताकि समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। जब लोग शिक्षित होंगे तभी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होंगे। इसका दायित्व स्वयंसेवकों को लेने की आवश्यकता है। श्री संतोष कुमार मरकाम व्याख्याता, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांची के द्वारा स्वामी विवेकानंद की विचारों पर विस्तृत चर्चा कहानी के माध्यम से दिया गया। स्वयंसेवकों को उनके बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्री सुभाष पांडे जी के द्वारा कविता के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। शिविर की चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों के द्वारा गांव के नालियों की साफ–सफाई की गई तथा ग्रामीणों को नालियों की साफ–सफाई रखने के लिए कहा गया और साफ–सफाई के महत्व को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाने का प्रयास किया गया बौद्धिक चर्चा के सत्र का प्रारंभ श्री दुरेश पैकरा सहायक संचालक कृषि विभाग सूरजपुर एवं श्री संदीप सिन्हा सहायक संचालक कृषि सूरजपुर के कर कमलों से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्वागत नृत्य से किया गया। उद्बोधन की कड़ी में श्री पैकरा जी के द्वारा राष्ट्र सेवा योजना पर विस्तृत चर्चा की गई तथा स्वयंसेवकों के साथ चर्चा–परिचर्चा राष्ट्रीय सेवा योजना के संबंध में किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को दिल से स्वयं सेवक बनने के लिए प्रेरित किया उन्होंने स्वयंसेवक की रूप में व्यतीत किए अपने अनुभव को स्वयंसेवकों के बीच में साझा किया।

शिविर के पांचवें दिवस का शुभारंभ स्वयं सेवकों के दैनिक दिनचर्या के साथ प्रारंभ हुआ स्वयं सेवकों के द्वारा लांची के अंतिम छोर में स्थित प्राथमिक शाला के आसपास सड़क का मरम्मत कार्य किया गया तथा प्राथमिक शाला में साफ–सफाई एवं शोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया और बच्चों को साफ–सफाई के लिए एवं अच्छी पढ़ाई के लिए नुक्कड़–नाटक के माध्यम से प्रेरित किया गया और वहां पर व्याप्त समस्याओं के संबंध में प्रधान पाठक से चर्चा की गई बौद्धिक चर्चा के सत्र में आज संभाग की सक्रिय कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रीता गिरी का आगमन हुआ। बौद्धिक चर्चा का शुभारंभ श्रीमती रीता गिरी के कर कमलों से हुआ इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रेरणा गीत गाया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया उद्बोधन की कड़ी में श्रीमती रीता गिरी के द्वारा समाज सेवा के माध्यम से

Scanned with OKEN Scanner

व्यक्तित्व विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया गया। उन्होंने अपने अनुभव स्वयंसेवकों के बीच में साझा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना को समर्पित भाव से अपनाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा सुश्री वर्षा यादव के द्वारा बच्चों को राष्ट्र सेवा योजना के माध्यम से अनुशासन में रहते हुए समाज में अनुशासन के प्रचार–प्रसार के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात उद्बोधन की अगली कड़ी में श्री सहदेव राम रवि जन शिक्षक संकुल केंद्र लांची के द्वारा स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांची के प्राचार्य श्री बखला जी के द्वारा शो में बदलाव करते हुए दूसरों को भी परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों के खेलकूद का सत्र प्रारंभ हुआ।

दिनांक 08.12.2022 को छठवें दिवस का शुभारंभ आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ हुआ। आत्मरक्षा का अभ्यास श्री सहदेव रवि जन शिक्षक के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को कराया गया किस प्रकार से अपनी रक्षा करनी है इसको प्रैक्टिकली अभ्यास करके प्रदर्शित किया गया। स्वयंसेवकों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे तथा अपने जीवन में लगातार अभ्यास करने का प्रण लिया। बौद्धिक परिचर्चा के सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विद्याभूषण टोप्पो जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला सूरजपुर, श्री सुरेश गुप्ता, जिला कुष्ठ सलाहकार, जिला मीडिया अधिकारी, सूरजपुर, डॉ राजेश पैकरा, डॉक्टर मरकाम जी के आगमन के साथ हुआ। सर्वप्रथम डॉ विद्याभूषण टोप्पो जी के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात स्वयं सेवकों के द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात उद्बोधन की कड़ी में डॉ विद्याभूषण टोप्पो जी के द्वारा क्षय रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा स्वयंसेवकों को छह रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। ताकि लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके तथा डॉक्टर राजेश पैकरा जी के द्वारा मानसिक रूप के संबंध में उपस्थित ग्रामीण जन एवं स्वयंसेवकों को जानकारी दी गई। तथा स्वयंसेवकों के मानसिक रूप के संबंध में प्रचार–प्रसार के लिए प्रेरित किया गया। अपने आसपास मानसिक रोगीयों एवं पीड़ित व्यक्तियों के संबंध में जानकारी एकत्र कर जिला चिकित्सालय को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया।

दिनांक 09.12.2022 शिविर के समापन दिवस का शुभारंभ स्वयंसेवकों के प्रभात फेरी के साथ में हुआ स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम लांची के दूरस्थ में स्थित प्राथमिक शाला के सड़क का मरम्मत एवं आंगनवाड़ी केंद्र के आसपास की सफाई के साथ हुआ।

दोपहर 02:00 बजे से शिविर के समापन का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्र सेवा योजना जिला संगठक श्री सी.बी मिश्रा के मुख्य अतिथि एवं ग्राम पंचायत के सरपंच श्री किशन सिंह एवं पूर्व पार्षद की विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। सर्वप्रथम समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मंच पर मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। स्वयंसेवकों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात उद्बोधन की कड़ी में सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद पैकरा के द्वारा सात दिवसों में स्वयंसेवकों के द्वारा किये गए कार्यों की प्रतिवेदन का वाचन किया गया। इसके

Scanned with OKEN Scanner

पश्चात श्री सी.बी मिश्रा जी के द्वारा स्वयंसेवकों सम सेवकों के द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई तथा स्वयंसेवकों के माध्यम से प्राप्त गांव की समस्याओं को मंच पर मंचासीन सरपंच को अवगत कराया गया तथा सरपंच के द्वारा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। श्री सरपंच के द्वारा गांव में किए गए कार्यों एवं गांव के लोगों को साफ–सफाई, शिक्षा नशा मुक्ति हेतु जागरूकता के लिए किए गए जागरूकता कार्यों की प्रशंसा की गई। इसके पश्चात स्वयं सेवकों के द्वारा मनमोहक छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मनमोहक प्रस्तुति के पश्चात सभी स्वयंसेवकों प्रमाण–पत्र का वितरण किया गया अंत में श्री आनंद पैकरा कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा सभी अतिथियों ग्रामीण जनों शिक्षकों का आभार प्रदर्शन किया गया एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा वरिष्ठ स्वयंसेवक के द्वारा किया गया।

(आनंद पैकरा)
कार्यक्रम अधिकारी रासेयो

(डॉ. एच.एन. दुबे)
PRINCIPAL
प्राचार्य
Govt.R.R.M.P.G.College
Surajpur (C.G.)
शा.रे.र.मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner